**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# अब वनाग्नि सुरक्षा के लिए चौकन्ना हो चला वन विभाग

**तैयारी**

## 11 विकास खंडों के 1155 ग्राम पंचायतों में वनाग्नि सुरक्षा समितियों का गठन

**संवाददाता**

अल्मोड़ा। वन विभाग का फायर सीजन मंगलवार से शुरू हो गया है। वनाग्नि सुरक्षा के प्रति चिंतित वन विभाग ने इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके लिए अल्मोड़ा वन प्रभाग व सिविल सोयम वन प्रभाग के विभिन्न वन रेजों में क्रू स्टेशन बनाए गए हैं। वहीं जिले के 11 विकास खंडों के 1155 ग्राम पंचायतों में वनाग्नि सुरक्षा समितियों का गठन किया गया है। वन विभाग 15 फरवरी से 15 जून अथवा वर्षाकाल शुरू होने तक के समय को फायर सीजन मानता है।



हर साल फायर सीजन में वनाग्नि की घटनाओं से वन संपदा को लाखों का नुकसान पहुंचता है। वहीं दुर्लभ वन्य जीव भी नष्ट होते हैं। इसी के मद्देनजर वन विभाग अब वनाग्नि सुरक्षा के लिए चौकन्ना हो चला है। इधर विभाग ने वनाग्नि की घटनाओं को कम करने के लिए ग्राम पंचायतों के लोगों के मध्य अब जल्द ही जनजागरूकता अभियान संचालित करने का भी निर्णय लिया है। इसके तहत ग्राम पंचायतों में वनाग्नि सुरक्षा गोष्ठियों का आयोजन कर ग्रामीणों को जल्द ही वनाग्नि सुरक्षा के बावत जानकारी दी जाएगी।

**दोनों वन प्रभागों में बनाए गए 75 क्रू स्टेशनः** अल्मोड़ा वन प्रभाग व सिविल सोयम वन प्रभागों में वनाग्नि सुरक्षा के लिए कुल 75 क्रू स्टेशन बनाए गए हैं। इसमें चार से पांच कर्मचारी तैनात रहेंगे। जो वन रेंजों में वनाग्नि से संबंधित घटनाओं की जानकारी जिला मुख्यालय स्थित मास्टर कंट्रोल रूम को देंगे। अल्मोड़ा वन प्रभाग में 46 तो सिविल सोयम वन प्रभाग में 29 क्रू स्टेशन बनाए गए हैं।

**विगत साल हुई वनाग्नि की 192 घटनाएं**

61,082 हेक्टेअर क्षेत्रफल में फैले अल्मोड़ा वन प्रभाग में विगत साल आग की 122 घटनाएं हुईं। जिससे वन संपदा को 9.80 लाख का नुकसान पहुंचा। वहीं 42,418 हेक्टेअर वन क्षेत्रफल वाले सिविल सोयम वन प्रभाग में वनाग्नि की 70 घटनाएं हुईं। इन घटनाओं से वनों की संपदा को 4.78 लाख का नुकसान पहुंचा। वनों की आग से सुरक्षा के लिए विभिन्न वन रेंजों में क्रू स्टेशन बनाए गए हैं। वहीं ग्राम पंचायतों में वनाग्नि सुरक्षा समितियों का भी गठन किया गया है।

## न्यूज डायरी

### तेज गरज के साथ बारिश, उच्च हिमालय में हिमपात

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत जिले में मौसम का मिजाज बदल गया है। जिलेभर में तेज हवाओं के साथ बारिश होने और उच्च हिमालय में हिमपात के चलते तापमान में गिरावट आ चुकी है। जिला एक बार फिर ठंड की चपेट में आ चुका है। मंगलवार सुबह से जिले में हल्के बादल छाए थे। नौ बजे के आस–पास बादलों के बीच जिले में धूप खिली। उच्च हिमालय में सुबह मौसम साफ था। सुबह दस बजे तक ही उच्च हिमालय सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम बदलने लगा। उच्च हिमालय में हिमपात होने लगा। मुनस्यारी में घने बादल छाए रहे। जिला मुख्यालय सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में धूप खिली रही, हालांकि आसमान पर बादलों की आवाजाही होती रही। मुनस्यारी में अपराह्न दो बजे के बाद मुनस्यारी, मदकोट सहित ऊंचाई वाले स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

### एमेजॉन इंडिया ने इन्वेस्ट इंडिया और आईआईए के साथ किया गठबंधन

**संवाददाता** देहरादून। एमेजॉन इंडिया ने आज एमेजॉन. इन पर इंडिया ओडोप (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) बाजार के लॉन्च के लिए इन्वेस्ट इंडिया और इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के साथ सहयोग की घोषणा की। इस समर्पित स्टोर फ्रंट का लोकार्पण माननीय एमएसएमई मंत्री,भारत सरकार, नारायण राणे ने एक वर्चुअल समारोह में दीपक बागला,एमडी एवं सीईओ,इन्वेस्ट इंडिया अशोक कुमार अग्रवाल,प्रेसिडेंट,आईआईए और मनीष तिवारी,कंट्री मैनेजर,इंडिया कंज्यूमर बिजनेस, एमेजॉन इंडिया की मौजूदगी में किया। इस स्टोर फ्रंट में भारत के विक्रेताओं द्वारा अद्वितीय स्थानीय उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे।

### वीराम सिक्योरटीज का स्टॉक सारी सीमाएं पार करके एक माह में 76 प्रतिशत उछला

**संवाददाता** हरिद्वार। वीराम सिक्योरटीज लिमिटेड जो कि ब्रांडेड ज्वेलरी और आभूषणों में प्रमुखता से व्यापार करते हैं, ने हाल ही में आयोजित अपनी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग में इक्विटी शेयर पर विचार किया और इसे जारी करने का निर्णय लिया। इसका उद्देश्य 50 लाख अतिरिक्त इक्विटी शेयर रुपये 10 प्रति शेयर के मान से रुपये 5 करोड़ की पूंजी बढ़ाना है। बोर्ड ने यह भी अनुशंसा की है कि कंपनी का नाम बदलकर वीराम रियलिटीज लिमिटेड किया जाए। वर्तमान में कंपनी ज्वेलरी क्षेत्र में कार्यरत है और अपनी ज्वेलरी और आभूषणों का निर्माण विभिन्न प्रकार के ग्राहकों की मांग के अनुसार तैयार करते हैं, जो कि विविध प्रकार की संस्कृतियों और आयु वर्ग से आते हैं।

## रोडवेज में व्यवस्था पटरी पर आने में दो–तीन और लगने के आसार

**संवाददाता** अल्मोड़ा। विधानसभा चुनाव ड्यूटी में लगी रोडवेज बसों के अभी डिपो में नहीं पहुंचने से इस बस में सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं केमू की अधिकांश बसें चुनाव ड्यूटी से वापस आने के बाद कुमाऊं क्षेत्र में आने जाने वाले यात्रियों को राहत मिली है। रोडवेज में अभी व्यवस्था पटरी पर आने में दो–तीन और लगने के आसार हैं।

गौरतलब है कि चुनाव में रोडवेज की 39 तथा केमू की 22 बसें चुनाव ड्यूटी में होने से यात्रियों को पिछले चार दिनों से फजीहत हो रही है। बसों की संख्या कम होने से यात्रियों को घंटों इंतजार के बाद बस मिल पा रही थी। अनेक यात्री तो मजबूरन महंगा किराया अदा कर टैक्सियों से यात्रा करने को मजबूर हो रहे थे। इधर कुमाऊं मोटर आनर्स यूनियन लिमिटेड की सभी बसें चुनाव ड्यूटी के बाद वापस लौट आई है। इससे लोगों को कुमाऊं क्षेत्र में आवाजाही को राहत मिली है।

वहीं रोडवेज की 39 बसों में से अभी तीन चार बसें ही वापस लौटी हैं। केमू में जहां हल्द्वानी समेत बागेश्वर, ताकुला, रानीखेत अन्य जगहों के लिए बसों का संचालन हुआ। उधर रोडवेज में केवल मैदानी क्षेत्रों चंडीगढ़, गुरुग्राम, देहरादून व दिल्ली के लिए केवल चार ही सेवाओं का संचालन हुआ। पहाड़ के विभिन्न रूटों पर आवाजाही करने वाले यात्री चुनाव के बाद मंगलवार को बस स्टेशन पहुंचे। काफी देर बाद जब बस कार्यशाला परिसर से बस स्टेशन नहीं पहुंची तो यात्रियों ने पूछताछ काउंटर पर जानकारी हासिल की।



## वन विभाग का वायरलेस संचार नेटवर्क तैयार

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जंगलों में आग की दृष्टि से संवेदनशीलकाल फायर सीजन की शुरुआत हो गई है। वन विभाग के पास जिले के करीब 3:15 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र को बचाने की जिम्मेदारी है। विभाग ने फायर प्लान तैयार कर लिया है। वन विभाग ने इस वर्ष अपना संचार नेटवर्क भी खड़ा कर लिया है। इसके जरिये जिलेभर से आग की घटनाओं की सूचना उपलब्ध हो जाएगी। सीमांत जिला पिथौरागढ़ में करीब सवा तीन लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल वनों से आच्छादित है। सर्वाधिक क्षेत्रफल 2.77 लाख हेक्टेयर पंचायती वनों का है। दूसरा नंबर आरक्षित वनों का है। वन विभाग के अधीन आने वाले इन जंगलों की देखरेख का जिम्मा वन विभाग का है। आरक्षित श्रेणी में 75783 हेक्टेयर वन क्षेत्र हैं। तीसरे नंबर पर सिविल वन हैं, जिनका क्षेत्रफल 41700 हेक्टेयर है। जंगलों को बचाने के लिए वन विभाग ने फायर प्लान तैयार कर लिया है।

## डाक्टरी की पहली कक्षा में उपस्थित रहकर छात्र–छात्राओं में रहा उत्साह

**मेडिकल कालेज में कक्षाओं का संचालन शुरू**

**संवाददाता**

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान में लंबे इंतजार के बाद मंगलवार से कक्षाओं का संचालन शुरू हुआ। पहले दिन चार विद्यार्थियों ने एमबीबीएस की कक्षा में हिस्सा लिया। डाक्टरी की पहली कक्षा में उपस्थित रहकर छात्र–छात्राओं में उत्साह रहा। हालांकि दूसरी काउंसलिंग के इंतजार में मात्र चार छात्र–छात्राएं ही पहले दिन उपस्थित रहे।

अल्मोड़ा में मेडिकल कालेज का सपना अब साकार हो गया है। कालेज में पिछले माह नेशनल मेडिकल काउंसिल की टीम ने निरीक्षण किया था। जिसके बाद कालेज को एमबीबीएस की 100



सीटों के लिए मान्यता मिली। इसमें राज्य कोटे की 85 और आल इंडिया कोटे की 15 सीटों को स्वीकृति मिली। बीते दिनों पहली काउंसलिंग के आधार पर मेडिकल कालेज में राज्य कोटे की 85 में से 76 सीटों पर प्रवेश हुआ। जिसके बाद मंगलवार से यहां कक्षाओं का संचालन शुरू हो गया है। पहले दिन रानीखेत, पौड़ी और देहरादून के कुल चार छात्र–छात्राएं कक्षाओं में पहुंचे। जिले के पहले मेडिकल कालेज में अपनी पहली कक्षा के रूप में उत्साह के साथ छात्र कक्षाओं में पहुंचे। छात्र–छात्राओं ने इसे अपने लिए ऐतिहासिक समय बताया।

जल्द ही दूसरी काउंसलिंग में घरों के नजदीक कालेज में प्रवेश मिलने के इंतजार में अन्य विद्यार्थी फिलहाल कालेज नहीं पहुंचे। लेकिन कालेज प्रशासन की ओर से जल्द ही अन्य छात्रों के भी कक्षाओं में पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

**इन्होंने लिया क्लास में हिस्सा**

रानीखेत निवासी अंशिका पांडे, देहरादून के कुशाग्र जोशी व उत्सव नैथानी, पौड़ी के मनीष पोखरियाल ने कालेज में पहली कक्षाओं में एमबीबीएस की कक्षाओं में हिस्सा लिया।

## भाजपा प्रत्याशी कैलाश गहतोड़ी ने लगाया भीतरघात का आरोप

**संवाददाता** बनबसा (चम्पावत)। उत्तराखंड में चुनाव बाद मैदान में चुनावी रंजिश में हिंसा की खबरें आ रहीं तो वहीं पहाड़ में पार्टी में ही भितरघात की खबर सामने आई है। विधान सभा के लिए सोमवार को सम्पन्न मतदान के बाद चम्पावत सीट से भाजपा प्रत्याशी व निर्वतमान विधायक कैलाश गहतोड़ी ने अपनी ही पार्टी के कुछ लोगों पर भीतरघात करने का आरोप लगाया है। मंगलवार को बनबसा स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने संगठन के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके साथ भीतरघात हुआ है। कहा है कि वे पार्टी फोरम में ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे। उन्होंने चम्पावत विधानसभा क्षेत्र की जनता का भी आभार जताया है। इधर, भाजपा के जिलाध्यक्ष दीप चंद्र पाठक ने कहा है कि पार्टी प्रत्याशी कैलाश गहतोड़ी को संगठन के उन लोगों का नाम उजागर करना चाहिए, जिनने उनके साथ भीतरघात किया है।